# 2020

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks – 100**

**Pass Marks – 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

(i) इस प्रश्न-पत्र के **छः** खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

## खण्ड – क
## (गद्यहृ– 28 अंक)

1. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+5 = 7

(क) वह एक अनागरिक थे । अब न उनका कोई देश था, न घर । वह न कुछ देने आये थे, न लेने, सिर्फ छूटा हुआ देखने आये थे । दार्शनिकों की तरह बातें करते थे । सत्तर के ज्यादा उम्र हो जाने के बावजूद वह कतई जल्दी में नहीं थे, वह हारे हुए नहीं, पश्चाताप के मारे हुए थे ।

*अथवा*

(ख) मैं तो सब की सार बात जानता हूँ कि तुम्हारी महत्वाकांक्षा ही इस नर-संहार का, इस भीषण रक्तपात का मूल कारण है । मैं तो एक निस्सहाय, विवश व्यक्ति की भाँति केवल जूझ पड़ा हूँ । तुम्हारे चक्रान्त में मेरे लिए यही पुरस्कार निर्धारित किया गया था ।

2. लेखक 'मैतैलोन' का गति धीमी होने के दोषारोपण भाषा पर न देकर [illegible] [illegible]
है ? ***35 – 40*** शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या *3* और *4* के उत्तर ***30 – 30*** शब्दों में लिखिए ।

3. 'यही हिमालय की शोभा है ।' 3
—उपर्युक्त पंक्ति के आधार पर हिमालय से संबंधित लेखक के विचारों को स्पष्ट कीजिए

4. महादेवी की दृष्टि में स्त्री-स्वतंत्रता का अर्थ क्या है ? 3

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या ***5*** और ***6*** के उत्तर ***20 – 25*** शब्दों में लिखिए ।

5. 'पुरुष का मान, सम्मान, मर्यादा, यहाँ तक कि वैर, प्रतिशोध सब कुछ स्त्री पर निर्भर है ।' 2
—उपर्युक्त उक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

6. 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी ।' 2
—उपर्युक्त पंक्ति के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ?

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या *7* से ***12*** तक के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए ।

7. 'ठेले पर हिमालय' निबंध का शीर्षक लेखक को किससे मिला ? 1

8. 'इस घर की परम्परा अभी खत्म नहीं हुई है ।' 1
– उपर्युक्त कथन किसका है ?

9. 'महाभारत की एक सांझ' का नायक कौन है ? 1

10. 'हिमाद्रि तुंग शृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती... ।' 1
– यह पंक्ति किसने लिखी थी ?

11. 'सावनी प्रसून' से किस पुष्प का बोध होता है ? 1

12. 'मेरे पिता अंधे क्यों हुए !' 1
– दुर्योधन ने ऐसा क्यों कहा ?

Contd.

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***13*** का उत्तर संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

13. हिमालय की बर्फ को 'चिरन्तन हिम' किसने कहा है ? 1

(क) कुछ विदेशियों ने

(ख) भारतवासियों ने

(ग) एक कवि ने

(घ) लेखक ने

**खण्ड – ख**

**(पद्य : प्राचीन – 8 अंक; आधुनिक – 14 अंक) = 22 अंक**

14. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+5 = 7

(क) नहीं कारण कि मेरा हृदय उथला या कि सुना है,
या कि मेरा प्यार मैला है ।
बल्कि केवल यही
ये उपमान मैले हो गये हैं ।
देवता इन प्रतीकों के कर गये हैं कूच ।

***अथवा***

(ख) अहोरात्र है युद्ध
होटलों, फैक्टरियों, गोदामों, खेतों के
चक्रव्यूह में फँसते हैं बच्चे बेखबर
प्यारों इन पिंजड़ों में तुम्हारा पंख फड़फड़ाना
निरर्थक है, इस ऐसे देश में ।

15. दीन सबन को लखत है, दीनहि लखै न कोय ।
जो रहीम दीनहिं लखै, दीनबंधु सम होय ।।
–उपर्युक्त दोहे का भाव 35 – 40 शब्दों में लिखिए । 3

16. 'काश्मीर' कविता का प्रतिपाद्य 35 – 40 शब्दों में लिखिए । 3

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***17*** से ***19*** तक के उत्तर ***20 – 25*** शब्दों में तथा प्रश्न संख्या ***20*** का उत्तर *एक वाक्य में लिखिए* ।

17. कवि तुलसीदास ने राम के नाम का स्मरण करने के लिए क्यों कहा ? 2

18. हरति सब आरती आरती राम की ।
दहन दुःख दोष, निर्मूलिनी काम की ।।
–उपर्युक्त पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए । 2

19. श्रीबीरेन ने अपने आपको विस्तृत एवं निस्सीम जल राशि में तैरनेवाला जानु-थगोल क्यों कहा ? 2

20. कवि ने कैसी धारवाली तलवार बनाने को कहा है ? 1

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***21*** का सही उत्तर संभावित विकल्पों में से चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

21. 'लुहार से' कविता किस कवि द्वारा रचा गया है ? 1

(क) अज्ञेय

(ख) केदारनाथ अग्रवाल

(ग) भवानी प्रसाद मिश्र

(घ) नोङ थोम्बम श्रीबीरेन

## खण्ड – ग

### (पूरक पाठ्यपुस्तक –15 अंक)

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या ***22*** और ***23*** के उत्तर ***35 – 40*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या ***24*** का उत्तर ***25 – 30*** शब्दों में लिखिए।

22. मणिपुर को 'छोटा-सा भारत' क्यों कहा जाता है ? मणिपुरी संस्कृति : एक झलक पाठ के आधार पर लिखिए। 4

23. 'भारतवर्ष में गाँधीजी अब भी एक जीती-जागती शक्ति हैं।' 4

    –उपर्युक्त पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

24. 'यह मैं समझ नहीं पाती 3

    –इस कथन के द्वारा महादेवी वर्मा क्या कहना चाहती हैं ?

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या **25** का उत्तर **20 – 25** शब्दों में तथा प्रश्न संख्या **26** का उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए।

25. 'कर्म' के बारे में *गीता* में क्या कहा गया है ? 2

26. सुस्मिता बसु कौन हैं ? 1

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या **27** का उत्तर संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

27. 'मैं अब समझा हूँ कि तुम्हारी विद्या और विदेशों का निवास निरर्थक नहीं।' 1

    – उपर्युक्त कथन किसने कहा है ?

    (क) इंदिरा गाँधी

    (ख) महात्मा गाँधी

    (ग) महादेवी वर्मा

    (घ) जवाहरलाल नेहरू

## खण्ड – घ

### (वाचन – 10 अंक)

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या ***28*** से ***30*** तक के उत्तर ***20 – 25*** शब्दों में लिखिए

28. 'टिप्पण' किसे कहते हैं ? 2

29. टिप्पणी के कितने चरण माने जाते हैं ? 2

30. टिप्पण-लेखन में पत्र-व्यवहार और टिप्पण दोनों पर पृष्ण संख्या क्यों डाल दी जाती है ? 2

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या ***31*** से ***34*** तक के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए ।

31. Governor को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

32. Central Hindi Directorate को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

33. Municipality को हिन्दी में क्या कहा जाता है ? 1

34. Education Officer को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

## खण्ड – ङ

### (लेखन – 10 अंक)

35. मान लीजिए कि आप 'अ० ब० स०' विद्यालय के प्रधानाचार्य हैं । आपके विद्यालय में मनाए जा रहे एक समारोह में आपको 'पुस्तकालय का महत्व' विषय पर भाषण देना है । इसलिए आप इस समारोह के लिए लगभग ***60 – 70*** शब्दों में एक भाषण लिखिए । 5

36. मान लीजिए कि आप दैनिक समाचार-पत्र 'नवभारत टाइम्स' के संपादक हैं । आप अपने समाचार-पत्र में छपवाने के लिए 'विद्यार्थी जीवन और मोबाइल फोन' विषय पर लगभग ***60 – 70*** शब्दों में एक संपादकीय लेख लिखिए । 5

## खण्ड – च

### (व्याकरण – 15 अंक)

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या ***37*** का उत्तर ***35 – 40*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या ***38*** और ***39*** का उत्तर ***25 – 30*** शब्दों में लिखिए।

37. पद बंध किसे कहते हैं ? इसके कितने प्रकार होते हैं ? सोदाहरण समझाइए। 2+2 = 4

38. प्रधान उपवाक्य और संयुक्त उपवाक्य का अन्तर सोदाहरण समझाइए। 3

39. 'लोकोक्ति' का अर्थ सोदाहरण समझाइए। 2+1 = 3

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या ***40*** और ***41*** के उत्तर ***20 – 25*** शब्दों में लिखिए।

40. 'अस्त्र' और 'शस्त्र' शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

41. 'आसमान का थूका मुँह पर आना' मुहावरे का अर्थ बताते हुए एक वाक्य बनाइए। 2

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या ***42*** का सही उत्तर संभावित विकल्पों में से चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

42. 'माता जी आ रहे हैं।' 1

– उपर्युक्त वाक्य का शुद्ध रूप होगा –

(क) माता जी आ रहा है।

(ख) माता जी आ रही हैं।

(ग) माता जी आ रहे हैं।

(घ) माता जी आता हैं।